सुविचार
नफरत इंसान की सोच को छोटा कर देती है, किसी के बुरे व्यवहार के लिए खुद को न बदलें।

कुल पेज 24, मूल्य ₹ 5.00

देश का नंबर 1 अखबार
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

झुंझुनूं, राजस्थान | शनिवार, 13 जून, 2026 | 12 राज्य | 61 संस्करण

## रिसर्च • इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसिंग तकनीक पर काम करता है स्वदेशी रूप से विकसित नया उपकरण

# 20 सेकंड में होगी थनैला की जांच, सीरी ने बनाया पोर्टेबल डिवाइस

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) पिलानी के वैज्ञानिकों ने डेयरी क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डेयरी पशुओं में होने वाले थनैला मास्टाइटिस रोग की त्वरित, किफायती जांच के लिए पोर्टेबल रैपिड मिल्क मास्टाइटिस डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया है।

स्वदेशी रूप से विकसित यह उपकरण इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसिंग तकनीक पर काम करता है। यह कच्चे दूध के नमूनों का विश्लेषण कर 20 सेकंड के भीतर परिणाम देता है। सीरी के वैज्ञानिकों ने यह डिवाइस फील्ड स्तर पर उपयोग के लिए डिजाइन किया है। यह दूध की रिपोर्ट तीन श्रेणियों स्वस्थ, संदिग्ध व मास्टाइटिस पॉजिटिव में दिखाता है। इससे पशुपालकों, डेयरी क्षेत्र के हितधारकों को लंबी प्रयोगशाला जांच का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे तुरंत सही निर्णय ले सकेंगे।

तकनीक हस्तांतरण के मौके पर सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया, डॉ. नवजोत, एनआरडीसी सीनियर मैनेजर संजीव मजूमदार, नवशाली इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मौजूद रहे।





पिलानी. पोर्टेबल डिवाइस और एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद हस्तांतरण करते सीरी निदेशक व अन्य।

**डिवाइस रोग की प्रारंभिक स्क्रीनिंग में सक्षम :** सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नया डिवाइस रोग की प्रारंभिक स्क्रीनिंग करने में सक्षम है। यह किफायती, किसान अनुकूल तकनीक डेयरी किसानों, पशु चिकित्सकों, दुग्ध संग्रहण केंद्रों, डेयरी सहकारी समितियों के लिए प्रथम स्तरीय जांच उपकरण साबित होगा। इससे पशुओं का बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन हो सकेगा। दूध की गुणवत्ता सुरक्षित रहेगी तो पशुपालकों के आर्थिक नुकसान में कमी आएगी।